DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

चीन में अध्ययन के लिए दून विवि के छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

देहरादून। दून विश्वविद्यालय के चीनी भाषा अध्ययन विभाग ने चीनी नव वर्ष एवं प्रमुख त्यौहार को सांस्कृतिक व शैक्षणिक कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर विद्यार्थियों को चीनी संस्कृति, भाषा व परंपराओं को का ज्ञान दिया गया।

> ■ विद्यार्थियों को चीनी संस्कृति, भाषा व परंपराओं को का ज्ञान दिया

कार्यक्रम के दौरान चीनी दूतावास से काउंसलर यांग शिउ हुआ, वांग थोंग, फु शिएन फेंग व सु छन ने कुलपति प्रो.सुरेखा डंगवाल व कुलसचिव डा.एमएस मंदरवाल से भेंट की। काउंसलर यांग शिउ ने कहा कि दून विवि के विद्यार्थियों की चीनी भाषा पर मजबूत पकड़ है। उन्होंने कहा कि चीन का शिक्षा मंत्रालय दून विवि के विद्यार्थियों को चीन में अध्ययन करने के लिए छात्रवृत्ति देगा। चीनी भाषा अध्ययन की विभागाध्यक्ष शैंकी चंद्रा ने चीन व भारत के संबंधों को भविष्य में प्रगाढ़ करने पर जोर दिया। इस मौके पर चीनी विभाग से मधुरेन्द्र झा, पवन एक्का, डीएसडब्ल्यू प्रो.एचसी पुरोहित, प्रो.चेतना पोखरियाल, डा.एस नैथानी, डा.राजेश भट्ट समेत अनेक लोग मौजूद थे।

News paper – Rastriya Sahara
Date – 03.03.2024